कोरोना वायरसः आज तक सिर्फ 3 बार रद्द हुए हैं ओलंपिक

टोक्यो 25 मार्च (ए)। यह पहला मौका है जब किसी बीमारी की वजह से खेलों का महाकुंभ कहलाए जाने वाला ओलंपिक खेल रद्द हुए हैं। ओलंपिक खेलों ने राजनीतिक बहिष्कार (मॉस्को 1980) और आतंकवाद (म्युनिख 1972) का सामना किया है लेकिन खेल सिर्फ युद्ध के कारण रद्द हुए हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 स्थगित किए जाने के बाद अतीत के गलियारों में जाकर उन खेलों पर दृष्टिपात करते हैं जिन पर जंग की गाज गिरी थी।

बर्लिन 1916: स्टॉकहोम में चार जुलाई 1912 को छठे ओलंपिक खेलों की मेजबानी बर्लिन को सौंपी गई। जर्मन ओलंपिक समिति ने युद्धस्तर पर तैयारी की। जून में बर्लिन स्टेडियम में टेस्ट सर्मधाएं भी आयोजित हुईं। दूसरे दिन ऑस्ट्रिया के आर्कड्यूक फ्रेंक फर्डिनेंड और उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। इसके बाद के घटनाक्रम प्रथम विश्व युद्ध का कारण बने। बर्लिन ओलंपिक खेल नहीं हो सके ।

तोक्यो 1940: जूड़ो के अविष्कारक जापान के महान खिलाड़ी जिगोरो कानो की अगुआई में टोक्यो को 1940 में ओलंपिक की मेजबानी मिली। इतालवी निर्देशक बेनितो मुसोलिनी ने ऐन मौके पर दौड़ से नाम वापस ले लिया। इस बीच जापान और चीन में जंग छिड़ गई और राजनयिक दबाव बन गया कि जापान खेलों की मेजबानी छोड़े। आखिरकार जापान ने दबाव के आगे घुटने टेके लेकिन 1964 में टोक्यो ओलंपिक की मेजबानी करने वाला पहला एशियाई देश बना।

लंदन 1944: लंदन ने रोमर ड्रेंग्राइटर लुसाने और एथेंस को पछाड़कर मेजबानी हासिल की लेकिन तीन महीने बाद ही ब्रिटेन ने जर्मनी के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया। ये खेल हुए ही नहीं और इटली में शीतकालीन खेल भी रद्द हो गए। लंदन ने 1948 में खेलों की मेजबानी की जिसमें जापान और जर्मनी ने भाग नहीं लिया।

एफआईएच ने टोक्यो ओलंपिक के स्थगित होने का स्वागत किया

जेनेवा,25 मार्च (ए)।अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के सीईओ थिएरी वील ने टोक्यो ओलम्पिक को 2021 तक के लिए स्थगित करने के अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) और जापान सरकार के फैसले का स्वागत किया है। वील ने एक बयान में कहा, टोक्यो ओलम्पिक को अगले साल तक स्थगित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ की ओर से मैं अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति, जापान सरकार और टोक्यो सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह फैसला विश्व हॉकी समुदाय में स्पष्टता लाएगा और मुझे विश्वास है वे सभी खिलाड़ी इस फैसले का समर्थन करेंगे जो अनिश्चितताओं के बीच अपनी तैयारी में लगे हुए थे।

वील का मानना है कि टोक्यो ओलम्पिक टॉर्च का संदेश ज्यादा प्रभावित नहीं होगा क्योंकि इस समय हम सब कोरोनावायरस से लड़ने के लिए अपने घरों में रुके हुए हैं।

उन्होंने कहा, हम अगले साल होने वाले टोक्यो ओलम्पिक खेलों को लेकर उत्साहित है।टोक्यो ओलम्पिक-2020 को एक साल तक के लिए टाल दिया गया है। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के साथ खेलों के महाकुंभ को 2021 तक के लिए टालने को तैयार हो गए।आईओसी और टोक्यो ओलम्पिक-2020 की आयोजन समिति ने बाद में एक संयुक्त बयान में कहा कि आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और आबे खेलों को 2020 के बाद, 2021 ग्रीष्मकाल में पुर्ननिर्धारित करने को तैयार हो गए हैं।

खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए ओलम्पिक स्थगित होना जरूरी था : रिजिजू

नईदिल्ली,25 मार्च (ए)। केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने टोक्यो ओलम्पिक-2020 स्थगित करने के अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के फैसले का स्वागत किया है। आईओसी और टोक्यो ओलम्पिक-2020 की आयोजन समिति ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे खेलों को 2020 के बाद, 2021 ग्रीष्मकाल में पुनर्निर्धारित करने को तैयार हो गए हैं। इस पर रिजिजू ने ट्वीट किया, मैं आईओसी के टोक्यो ओलिम्पक-2020 को स्थगित करने का स्वागत करता हूं। यह पूरे विश्व के खिलाड़ियों के स्वास्थ के लिए काफी जरूरी था। मैं अपने खिलाड़ियों से अपील करता हूं कि वे दिल छोटा न करें। हम बेहतर मौके बनाएंगे ताकि भारत 2021 में अपना सर्वश्रेष्ठ कर सके।

वहीं भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) ने पहले कहा था कि वह खेलों को स्थगित करने के फैसला का स्वागत करती है और भारत में लागू लॉकडाउन के बाद खिलाड़ियों और सभी हितधारकों से बात करेगी।

ट्रम्प ने ओलिंपक स्थगित करने के फैसले को सराहा

टोक्यो,25 मार्च (ए)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टोक्यो ओलम्पिक-2020 को स्थगित करने के फैसला की तारीफ की है। जापान की सरकार के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि ट्रम्प ने जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से फोन पर बात की और कहा कि ओलम्पिक स्थगित करने का फैसला एकदम सही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, मुख्य कैबिनेट सचिव योशिहिदे सुगा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ट्रम्प ने कोरोनावायरस के कारण खेलों को टालने के फैसले को अच्छा और सही बताया है।

सुगा ने कहा, ट्रम्प ने बार-बार कहा कि ओलम्पिक टालने का फैसला अच्छा और सही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के बयान का समर्थन किया है।

आईओसी और टोक्यो ओलम्पिक-2020 की आयोजन समिति ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक और आबे खेलों को 2020 के बाद, 2021 ग्रीष्मकाल में पुनर्निर्धारित करने को तैयार हो गए हैं।

दूसरे विश्व युद्ध के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि ओलम्पिक खेलों को स्थगित किया गया हो।

संयुक्त बयान में कहा गया है कि खेलों को स्थगित करने का फैसला इस समय फैली भयंकर बीमारी कोरोनावायरस के कारण लिया गया है, जिसने लोगों के गतिविधियों पर पाबंदियां लगा दी हैं। इस बीमारी से अभी तक पूरे विश्व में 16,500 लोगों का जान जा चुकी है।

ओलम्पिक स्थगित होने का भारतीय खिलाड़ियों ने किया स्वागत

नईदिल्ली,25 मार्च (ए)। कोरोनावायरस के चलते मची उथल-पुथल के बीच अंततः जापान सरकार और अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) ने टोक्यो ओलम्पिक-2020 को स्थगित करने का फैसला ले लिया है। अब ये खेल अगले साल होंगे। शीर्ष नेतृत्व द्वारा उठाए गए इस ऐतिहासिक कदम का कई भारतीय खिलाड़ियों ने स्वागत किया है और इसे वक्त की जरूरत बताया है।दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है, जब खेलों के महाकुंभ को स्थगित किया गया है। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे और आईओसी के अध्यक्ष थॉमक बाक खेलों को एक साल के लिए स्थगित करने को राजी हो गए।

फुटबॉल

रियाल मैड्रिड के पूर्व अध्यक्ष अल्वारेज का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव, चैम्पियंस लीग और यूरोपा लीग के फाइनल टले

स्पेन 25 मार्च (ए)। स्पेनिश फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड के पूर्व अध्यक्ष फर्नांडो मार्टिन अल्वारेज कोरोना की चपेट में हैं। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। 72 वर्षीय मार्टिन 2006 में टीम के अंतरिम अध्यक्ष थे। पिछले हफ्ते क्लब के पूर्व अध्यक्ष लॉरेंजो सेंज की मौत हो गई थी।

यूईएफए चैम्पियंस लीग और यूरोपा लीग के फाइनल टले- यूईएफए ने कोरोनावायरस के कारण चैम्पियंस लीग और यूरोपा लीग के फाइनल टाल दिए हैं। 30 मई की जगह अब चैम्पियंस लीग का फाइनल 27 जून को हो सकता है। वहीं यूरोपा लीग का फाइनल 24 जून को खेला जाएगा। इस बीच यूएफा ने 24 मई को होने वाले महिला चैम्पियंस लीग के फाइनल को भी टाल दिया है।

इटली के क्लब युवेंटस को छोड़ सकते हैं रोनाल्डो, यूनाइटेड से जुड़ सकते हैं- पुर्तगाल के स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2018 में इटैलियन फुटबॉल क्लब युवेंटस से जुड़े थे। वे अब इस क्लब को छोड़ सकते हैं। स्पेनिश स्पोर्ट्स वेबसाइट डियारियो गोल की रिपोर्ट के मुताबिक, रोनाल्डो अपने पुराने क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड या फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से जुड़ सकते हैं।

बाहर न निकलें, अश्विन की देश को मार्कडिंग चेतावनी

नई दिल्ली 25 मार्च (ए)। बीते साल आईपीएल में रविचंद्रन अश्विन ने जोस बटलर को मार्कडिंग आउट किया था। इस पर काफी विवाद भी हुआ था। अश्विन ने उस घटना को याद करते हुए एक ट्वीट किया है। इसके जरिए अश्विन ने हल्के-फुल्के अंदाज में लोगों से लॉक डाउन के दौरान घर से बाहर न निकलने की अपील की है।

अश्विन ने ट्वीट किया, हा हा हा, किसी ने मुझे यह भेजा और बताया कि आज ही के दिन एक साल पहले यह रन आउट हुआ था। देश में लॉकडाउन है, नागरिकों को यह याद दिलाने का यह अच्छा तरीका है। बाहर न निकलें। अंदर रहें, सुरक्षित रहें। मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में 21 दिन का लॉकडाउन लगा दिया है। इस दौरान लोगों को घरों से न निकलने की हिदायत दी गई है। हालांकि इस दौरान रोजमर्रा के जरूरत की चीजें मिलती रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, तीन सप्ताह... इतने वक्त तक अंदर ही रहें। मैं फिर दोहराता हूं अगर अगले तीन सप्ताह तक हमने समाज के तौर पर गैर-जिम्मेदाराना रुख अपनाया तो हमें दो दशक का खमियाजा भुगतना पड़ सकता है।

लॉकडाउन और ओलंपिक के स्थगित होने के बाद रद्द हो सकता है आईपीएल

नई दिल्ली 25 मार्च (ए)। कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए 21 दिनों के लॉकडाउन की पीएम मोदी की घोषणा के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पर आईपीएल को रद्द करने का दबाव बढ़ गया है। बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में आईपीएल को 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया था, तब उसने कहा था कि टूर्नामेंट की मेजबानी केवल स्थिति में सुधार होने पर किया जाएगा।

इसमें सुधार होने की जगह स्थिति और गंभीर हो गई जहां भारत में इस वायरस के चपेट में लगभग 500 से ज्यादा लोग आ गए। पीएम मोदी ने फिर पूरे देश में लॉकडाउन घोषित कर दिया।

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने पीटीआई से कहा कि गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके पास इस मामले पर कहने के लिए कुछ नहीं है। गांगुली ने कहा, 'मैं फिलहाल कुछ नहीं कह सकता। हम उसी स्थान पर हैं जहां हम इसे निलंबित करने वाले फैसला लेते समय थे। पिछले 10 दिनों में कुछ भी नहीं बदला है। ऐसे में मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है। यथास्थिति बनी

हुई है।' किंग्स इलेवन पंजाब के सह-मालिक नेस वाडिया इस मुद्दे पर अधिक स्पष्ट दिखे। वाडिया ने कहा, 'बीसीसीआई को वास्तव में आईपीएल को अब स्थगित करने पर विचार करना चाहिए। एक प्रमुख खेल आयोजन के तौर पर हमें बड़ी जिम्मेदारी के साथ काम करने की जरूरत है।'

भारतीय खिलाड़ियों ने गेम्स 1 साल टलने पर कहा-

जिंदगी पहले, हम इंतजार कर सकते हैं

नईदिल्ली 25 मार्च (ए)। आईओसी और जापान सरकार ने बढ़ते दबाव के बीच टोक्यो ओलंपिक 1 साल के लिए टाल दिया। इस फैसले से भारतीय खिलाड़ी काफी खुश हैं। लंदन ओलंपिक में ब्रॉन्ज जीतने वाली बॉक्सर एमसी मैरीकॉम ने कहा- अभी स्थिति अच्छी नहीं है। जिंदगी पहले है, हम गेम्स के लिए इंतजार कर सकते हैं। वहीं, साइना नेहवाल ने भी इस फैसले को सही ठहराया है।

उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ी अब तक क्वालिफाई नहीं कर पाए थे। ऐसे में 2021 के लिए क्वालिफिकेशन कैसे होगा, यह समझना होगा।

खिलाड़ियों की सेहत सबसे अहम -बजरंग - पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा-यह अच्छा फैसला है क्योंकि हर कोई परेशान है। खिलाड़ियों की सेहत सबसे अहम है। कोई भी ठीक से प्रैक्टिस नहीं कर पा रहा था। यह केवल भारत से जुड़ा मामला नहीं है, पूरे विश्व की बात है। हमें सबसे पहले इस महामारी से लोगों को बचाना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन वेटलिफ्टर मीराबाई चानू का भी मानना है कि यह खिलाड़ियों के लिए अच्छा फैसला है। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हुआ वह अच्छे के लिए हुआ। अब हमें तैयारी के लिए ज्यादा समय मिल जाएगा। यह मेरे प्रदर्शन के लिए अच्छा है। मैं अभ्यास जारी रखूंगी।

आईओए ने गेम्स टालने के फैसले का स्वागत किया- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भी टोक्यो ओलंपिक को 2021 तक स्थगित करने के जापान और आईओसी के फैसले का स्वागत किया। आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने कहा, '' इस फैसले से हमारे एथलीटों को काफी राहत मिली है, जो इस महामारी के दौरान अपनी ट्रेनिंग को लेकर चिंता में पड़े हुए थे कि अब से 4 महीने बाद वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे कर पाएंगे।''

शोएब ने लोगों से कहा-यह पिकनिक मनाने का वक्त नहीं, भारत से सीखें संयम; प्रधानमंत्री तुरंत देश को लॉकडाउन करें

करांची 25 मार्च (ए)। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने देश में कोरोनावायरस के मौजूदा हालात को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा- आज कुछ जरूरी काम से मैं बाहर गया था। मैंने लोगों से हाथ नहीं मिलाया और न ही किसी से गले मिला। पूरे समय मेरे कार की खिड़कियां बंद थीं और जितना जल्दी हो सके मैं घर वापस आ गया। लेकिन, इस दौरान मैंने बेहद डराने वाली चीजें देखी। एक बाइक पर चार-चार लोग घूम रहे हैं, वे दूसरे लोगों के लिए भी बीमारी फैला रहे हैं। लोग घर से बाहर एक साथ खाना खा रहे हैं। ये पिकनिक या छुट्टी मनाने का वक्त नहीं हैं। अख्तर ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से पूरे देश में लॉकडाउन की मांग की। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि पाकिस्तान के लोग कोरोनावायरस जैसी महामारी को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, उन्हें भारतीयों से कुछ सीखना चाहिए। जहां लोगों ने जनता कर्फ्यू लगा दिया। लेकिन, पाकिस्तान में हम अभी भी खुले में घूम रहे हैं। 90 फीसदी मामले लोगों के संपर्क में आने से सामने आते हैं, लेकिन हम घर में रहने को तैयार नहीं। यह बहुत खतरनाक स्थिति है।

इटली वाली गलती पाकिस्तान में न दोहराएं -शोएब अख्तर-अख्तर ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से पूरे देश में लॉकडाउन की मांग की है। उन्होंने कहा कि इटली ने शुरुआत में ही लॉकडाउन न करके बहुत बड़ी गलती की। वहां हर रोज लोग मर रहे हैं। मैं पाकिस्तान सरकार से अपील करता हूं कि लोगों को जरूरी सामान खरीदने के लिए समय दें और फिर लॉकडाउन कर दें।

पिच पर रहे जानी दुश्मन, अब हरभजन क्यों कर रहे अफरीदी की तारीफ

नई दिल्ली 25 मार्च (ए)। भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कोरोना वायरस से लड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी की तारीफ की है।

हरभजन ने बुधवार को ट्वीट किया, मानवता के लिए बहुत अच्छा काम ।ईश्वर हम सब पर कृपा करे। आपको और शक्ति मिले... दुनिया की भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। दरअसल, शाहिद अफरीदी ने अपने ट्विटर हैंडल पर चंद तस्वीरें पोस्ट की थीं। इन तस्वीरों के साथ अफरीदी ने कैप्शन दिया था-जरूरतमंद लोगों को कीटनाशक साबुन, सामान, खाना और कोरोना वायरस को रोकने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में एक शीट देने का आज तीसरा दिन था। साथ ही लोगों को घर पर रहने की सलाह दी। सब साथ मिलकर काम करें और दूसरों की मदद भी करें। अफरीदी अपने संगठन के जरिए उन लोगों को राशन और अन्य जरूरी सामान पहुंचाने में जुटे हैं जिनका जनजीवन कोरोना वायरस महामारी के चलते बुरी तरह प्रभावित हुई है।

पाकिस्तान में कोरोना का खतरा- पाकिस्तान में कोरोना वायरस के मरीजों का आंकड़ा मंगलवार को 900 के पार चला गया है। पाकिस्तान का सिंध सूबा इस वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित है।